कोटद्वार, रविवार
11 मई 2025
वर्षः 47
अंकः 21 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com


## एक नजर

### दून–मसूरी मार्ग मलबा आने से रहा बाधित

देहरादून। मसूरी में शनिवार शाम करीब तीन बजे बारिश के साथ ही ओले गिरने शुरू हो गए। तेज बारिश के बीच देहरादून मार्ग पर जेपी बैंड के समीप मलबा आने से मुख्य सड़क बंद हो गई। इससे यातायात भी बाधित रहा। बाद में मौके पर जेसीबी लगाकर सड़क को यातायात के लिए खोला गया। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। वहीं कुठालगेट के पास पेड़ गिरने से सड़क करीब एक घंटे तक बंद रही। यहां भी लोगों को सड़क खुलने का इंतजार करना पड़ा और वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। मसूरी–देहरादून मार्ग पर अन्य जगहों पर भी मलबा आया है। हालांकि इससे यातायात बाधित नहीं हुआ। इधर, मसूरी शहर में नालियां चोक होने के कारण सड़कों पर पानी बहने लगा। पैदल चलने वालों के साथ ही दुपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। एनएच के अधिशासी अभियंता नवनीत पांडे ने बताया कि भारी बारिश के चलते मसूरी देहरादून मार्ग पर जेपी बैंड के पास काफी मलबा आ गया था, इसे हटाकर यातायात को सुचारू कर दिया गया।

### हरिद्वार में अलर्ट मोड पर पुलिस, उच्चस्तरीय बैठक सम्पन्न

हरिद्वार। एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने पुलिस कार्यालय में शनिवार को अधिकारियों की बैठक में अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद की सीमाओं पर असलाह के साथ सघन चेकिंग की जाए और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को सीमा के भीतर प्रवेश न करने दिया जाए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नियमित चेकिंग, बाहरी व्यक्तियों का सौ फीसदी सत्यापन और उनकी पृष्ठभूमि की गहन जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर पुलिस रिस्पांस टाइम कम करें। कहा कि किसी भी घटना की सूचना मिलते ही बिना देरी कार्रवाई हो और सीमावर्ती थानों को भी तत्काल मौके पर पहुंचकर समन्वय स्थापित करना होगा। एसएसपी ने अधिकारियों से कहा कि सभी थाना प्रभारी अपने–अपने क्षेत्र के जवानों को आपातकालीन स्थिति में कार्य करने के लिए पूरी तरह से ब्रीफ करें। सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखने और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए।

### फैक्ट्री के स्टोर मैनेजर की मौत

काशीपुर। एक फैक्ट्री के स्टोर मैनेजर की बाइक की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मृतक की पत्नी ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर दी है। आईटीआई थाना क्षेत्र के प्रकाश हार्मनी निवासी रिंकू देवी पत्नी स्वर्गीय पुनीत रंजन शरण गुप्ता ने आईटीआई पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि 9 मई की शाम लगभग 7 बजे उनके पति पुनीत रंजन शरण गुप्ता धीमरखेड़ा तक पैदल टहलने के लिए जा रहे थे। इस दौरान मंडल मेडिकल स्टोर के पास एक बाइक सवार ने उनको पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद लोगों के द्वारा उनको मुरादाबाद रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। जहां उनकी हालत गंभीर होने पर उनको हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जिसके बाद उनको मानपुर रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक गामा फैक्ट्री में स्टोर मैनेजर के पद पर तैनात थे। मृतक अपने पीछे 11 वर्षीय बेटी, 3 वर्षीय बेटे व पत्नी को छोड़ गया है।

### फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिद्वार। धनपुरा में एक किशोरी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

पुलिस ने बताया कि किशोरी के माता पिता काम पर गए थे। किशोरी के भाई और नानी घर के बाहर बैठे थे। अचानक किशोरी को पंखे से लटका देख उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग इकठ्ठा हो गए और मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

# सामरिक महत्व के स्थलों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें : धामी

## बॉर्डर एरिया में चलेगा सघन चेकिंग अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में केंद्र द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में राज्य स्तर पर की गई तैयारियों एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा बैठक ली।

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य में वर्तमान समय में स्थिति सामान्य है परंतु सभी विभाग और अधिकारियों को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को बॉर्डर एरिया में सघन चेकिंग अभियान एवं जनपदों में सामरिक महत्व के स्थलों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य में संवेदनशील स्थानों, महत्वपूर्ण स्थानों, चारधाम यात्रा स्थलों, अन्य मार्गों पर सुरक्षा के समुचित उपाय किए जाए। उन्होंने वेरिफिकेशन ड्राइव में तेजी लाने के साथ ही संदिग्ध लोगों की पहचान तथा सत्यापन करने, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यम में संवेदनशील खबरों एवं फेक न्यूज का संज्ञान लेते हुए उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, राज्य भर में मॉक ड्रिल का आयोजन करेगी। कहा कि सम्भावित खतरों की चेतावनी हेतु सभी जनपदों में सायरन की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही मुख्यमंत्री ने सीमांत क्षेत्रों के स्थानीय निवासियों के साथ प्रशासन को संवाद स्थापित करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की वर्तमान स्थिति पर सभी प्रदेशवासी देश के सैनिकों के साथ खड़े हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को केंद्र द्वारा जारी दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत सख्ती से पालन करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य सचिव आनंद बर्धन, डीजीपी दीपम सेठ, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, सचिव मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगौली, सचिन कुर्वे, रविनाथ रमन, श्री पंकज पांडे, एडीजी ए पी अंशुमन, नितेश झा, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।



हर स्थिति में राज्य सरकार, सैनिकों और उनके परिजनों के साथ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में सर्व धर्म सभा, और पद यात्रा का आयोजन करके इन कार्यक्रमों के माध्यम से सेना का मनोबल बढ़ाया जाएगा। राज्य सरकार हर स्थिति में सैनिकों और उनके परिजनो के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य में हर परिवार का कोई सदस्य सेना में है, ऐसे में सभी का मनोबल बढ़ाना हम सभी का कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को एकता में ही उसकी शक्ति है। हम हर चुनौती से निपटने के लिए सक्षम हैं। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा मार्गों पर सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से सख्त निगरानी रखे जाने, जरूरत पड़ने पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या को बढ़ाया जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेशभर में खाद्यान्न और चिकित्सा उपकरणों और दवाइयों की उपलब्धता पूरी तरह बने रहे।

### चारधाम का हो रहा सुगम संचालन

सभी सचिवों को विभिन्न यात्रा मार्ग में स्थलीय निरीक्षण करने के लिए भेजा जाएगा, जिसके निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सचिव को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा चार धाम यात्रा का सुगम और सुरक्षित संचालन राज्य में हो रहा है। यात्रियों की सुरक्षा, सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा सभी सचिवों को समय-समय पर चार धाम यात्रा का स्थलीय निरीक्षण करने यात्रा मार्ग पर भी भेजा जाएगा। उन्होंने कहा राज्य में चार धाम यात्रा पूर्ण रूप से सुरक्षित है। मुख्यमंत्री ने चार धाम यात्रा के साथ ही अन्य धार्मिक यात्राओं में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा राज्य में हेली सेवाओं का संचालन भी सुगमता से हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार धाम यात्रा की रियल टाइम मॉनिटरिंग भी की जाए। उन्होंने सभी विभाग आगामी मानसून से पहले सभी तैयारियां पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए।

### भ्रष्टाचार की शिकायतों को गंभीरता से लें

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार को जीरो टॉलरेंस का संकल्प है। ऐसे में सभी अधिकारी भ्रष्टाचार की शिकायतों को गंभीरता से लेकर उसपर कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा आमजन को परेशान करने वाले किसी भी भ्रष्टाचारी को छोड़ा नहीं जाएगा एवं भ्रष्टाचार के मामलों पर प्राथमिकता से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# उत्तराखंड में मौसम बदला: पहाड़ों पर बर्फबारी

## • दूधली मार्ग पर आया भारी मलबा; ऋषिकेश में बीन नदी उफान पर– कई वाहन फंसे

देहरादून। उत्तराखंड में शनिवार की शाम अचानक मौसम बदल गया और मैदानी इलाकों में तेज बौछारें पड़ीं। वहीं ऊंची चोटियों पर हिमपात हुआ। बदरीनाथ व हेमकुंड साहिब की चोटियों में हल्की बर्फबारी हुई। डोईवाला के दूधली मार्ग पर बारिश के कारण मलबा आने से वाहनों की लंबी कतार लग गई। ऋषिकेश में बीन नदी उफान पर आने से दर्जनों दोपहिया व चौपहिया वाहन नदी के दोनों ओर फंस गए।

**वाहनों की लंबी कतार**

डोईवालाः दूधली मार्ग पर तेज वर्षा के चलते भारी मलबा आ गया जिसके चलते वाहनों की लंबी कतार लग गई। वहीं कुछ वाहन यहां से निकलने के चलते फस गए। जिन्हें लोगों ने धक्का देकर बाहर निकाला। सूचना पर क्लेमेंट टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से मलबा हटाने का कार्य शुरू किया गया।

**बीन नदी उफान पर**

ऋषिकेशः बैराज–चीला मार्ग के मध्य बीन नदी उफान पर आने से दर्जनों दोपहिया व चौपहिया वाहन नदी के दोनों ओर फंस गए। मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया।

करीब आधे घंटे से ज्याद समय तक नदी के दोनों ओर मार्गों पर वाहन सवार नदी का जल स्तर कम होने का इंतजार करते रहे। बता दें कि यह ऋषिकेश–हरिद्वार के लिए प्रमुख वैकल्पिक मार्ग है।

**डीडीहाट में जमकर बारिश, उंची चोटियों में हिमपात**

पिथौरागढ़ः जिले में शनिवार को फिर मौसम का रुख बदल गया। जिले में कई स्थानों पर बारिश और उंची चोटियों में हिमपात हुआ। आदि कैलास यात्रा मार्ग में भी रूक–रूक कर बारिश हो रही है। डीडीहाटः तहसील क्षेत्र में सुबह से बादल छाये रहे। दोपहर बाद तेज बारिश शुरू हुई। देर सायं तक बारिश जारी रही। बारिश के चलते तापमान में गिरावट आ गई है।



**आदि कैलास यात्रा मार्ग में जगह–जगह बारिश**

धारचूलाः आदि कैलास यात्रा मार्ग में आज जगह–जगह बारिश हुई। यात्रा पर निकले लोगों ने बताया कि तवाघाट से गुंजी तक तीस–तीस किलोमीटर के अंतराल में बारिश हुई। बारिश से क्षेत्र का मौसम सुहावना बना हुआ है। यात्रा मार्ग में फिलहाल किसी तरह की दिक्कत नहीं है।

**मुनस्यारी की उंची चोटियों पर हिमपात**

धारचूला के साथ ही मुनस्यारी की उंची चोटियों में गुरुवार को हिमपात हुआ। इधर जिला मुख्यालय में सुबह से आसमान में बादल छाये रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। आसमान बादलों से घिरा रहने के चलते आज लोगों ने गर्मी अधिक महसूस की।


### सीबीआई का साइबर क्राइम पर अटैक : 8 राज्यों में 42 ठिकानों पर छापेमारी, 5 गिरफ्तार

नईदिल्ली , केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अंतरराष्ट्रीय संगठित साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्ट के मामलों पर शिकंजा कसते हुए ऑपरेशन चक्र–5 के तहत एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। सीबीआई ने इस ऑपरेशन के तहत 8 राज्यों में 42 अलग–अलग ठिकानों पर छापेमारी की और साइबर अपराध में इस्तेमाल होने वाले अनाधिकृत सिम कार्ड की बिक्री में शामिल 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई साइबर अपराध और डिजिटल गिरफ्तारी के मामलों को रोकने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। सीबीआई ने विभिन्न टेलीकॉम ऑपरेटरों के पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) एजेंटों के परिसरों पर छापेमारी की। आरोप है कि ये एजेंट साइबर अपराधियों और टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं के अज्ञात अधिकारियों के साथ मिलकर सिम कार्ड जारी करने में शामिल थे, जिनका इस्तेमाल बाद में डिजिटल गिरफ्तारी, धोखाधड़ी, फर्जी विज्ञापन, निवेश धोखाधड़ी और यूपीआई धोखाधड़ी जैसी अवैध गतिविधियों में किया गया। सीबीआई ने विशेष रूप से टेलीकॉम ऑपरेटरों के विभिन्न पीओएस एजेंटों द्वारा जारी किए गए अनाधिकृत सिम कार्ड की बिक्री और दुरुपयोग को रोकने के लिए समन्वित प्रयास किए। इसके तहत असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु सहित 8 राज्यों में 38 पीओएस एजेंटों के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया गया।

# आसमान से गिरी बिजली, किशोरी की दर्दनाक मौत

कोटद्वार। कोटद्वार क्षेत्र में शनिवार शाम काशीरामपुर तल्ला क्षेत्र में एक पेड़ पर आसमानी बिजली गिरी। इससे पेड़ के समीप ही नल से पानी भर रही एक किशोरी की मौत हो गई, जबकि पति–पत्नी घायल हो गए।

दोनों को उपचार के लिए बेस चिकित्सालय में लाकर भर्ती किया है। घटना की सूचना पर पार्षद सूरज प्रसाद कांति मौके पर पहुंचे। साथ ही प्रशासन को पूरी घटना की जानकारी दी। जिसके बाद राजस्व उप निरीक्षक आशीष केमिनी में घटना स्थल का मौका मुआयना किया।



**नल में पानी भरने गई थी बच्ची**

जनपद बिजनौर के अंतर्गत ग्राम टांडा निवासी सुहानी (11) काशीरामपुर तल्ला क्षेत्र में अपनी बुआ के घर आई थी। शाम करीब साढ़े पांच बजे वह शिव मंदिर के समीप घर के बाहर लगे नल में पानी भरने गई थी। उसके साथ उसकी बुआ सोनम (27) पत्नी सोनू व फूफा सोनू (30) भी नल से पानी भर रहे थे। इसी दौरान अचानक नल के समीप खड़े पेड़ पर आसमानी बिजली गिर गई। इससे नल के समीप खड़े तीनों लोग बेहोश हो गए। आसपास मौके लोग तीनों को बेस चिकित्सालय में लेकर आए।

उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी ने बताया कि चिकित्सालय में चिकित्सकों ने सुहानी को मृत घोषित कर दिया, जबकि सोनू व सोनम का राजकीय बेस चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। बताया कि दोनों की हालत खतरे से बाहर है।

## भारत सरकार का बड़ा फैसला

# अब कोई भी आतंकी हमला हुआ तो माना जाएगा युद्ध

नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर पर नजर बनाए हुए हैं। शनिवार को इसी सिलसिले में उन्होंने एक महत्वपूर्ण बैठक की अगुवाई की। भारत सरकार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि भारत सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त रवैया दिखाने का फैसला किया है। सरकार ने ऐलान किया कि भविष्य में किसी भी आतंकवादी कार्रवाई को भारत के विरुद्ध युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और जवाब भी उसी तरह से दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर पर नजर बनाए हुए हैं। शनिवार को इसी सिलसिले में उन्होंने एक महत्वपूर्ण बैठक की अगुवाई की। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, थल सेना प्रमुख जनरल



उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी शामिल रहे। यह बैठक ऐसे समय में हुई जब भारत ने पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को पूरी तरह से विफल कर दिया है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को इस दौरान पाकिस्तान द्वारा किए गए हमले, भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई और सैन्य तैयारियों की पूरी जानकारी दी गई।

### लुधियाना में रेड अलर्ट, श्री मुक्तसर साहिब में शाम 7.30 बजे तक ही खुलेंगी दुकानें

लुधियाना , लुधियाना के डीसी ने जानकारी दी है कि जिले में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। लोगों से घर पर रहने का आग्रह किया गया है। भारत–पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट श्री मुक्तसर साहिब ने एक आदेश जारी कर श्री मुक्तसर साहिब जिले की सीमा के भीतर दुकानों, रेहड़ी–पटरी, होटल, ढाबे, सिनेमा हॉल, शॉपिंग मॉल, शराब की दुकानों आदि के खुलने का समय सुबह 8 बजे से शाम 7:30 बजे तक तय किया है। ये आदेश आज जारी किए गए हैं, जिसके तहत आज शाम 6:30 बजे बाजार बंद हो जाएंगे। जो सुबह 8 बजे खुलेगा। ये आदेश एक माह के लिए 10 जून 2025 तक लागू किए गए हैं। ये आदेश अस्पताल, मेडिकल स्टोर, मेडिकल क्लीनिक या अन्य आपातकालीन सेवाओं पर लागू नहीं होंगे। जिला पुलिस प्रमुख इन आदेशों को लागू करने के लिए बाध्य होंगे। ये आदेश आज अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट गुरप्रीत सिंह थिंद द्वारा जारी किए गए हैं। संगरूर में एडीसी अमित बांबी ने जिलावासियों से अपील की कि यदि किसी भी स्थान पर आसमान से किसी भी प्रकार का मलबा या किसी चीज के टुकड़े गिरते हैं तो उसके नजदीक न जाएं तथा इस संबंध में तुरंत जिला प्रशासन के नियंत्रण कक्ष को सूचना दी जाए।

# सीजफायर के एलान के कुछ घंटों बाद पाकिस्तान ने की गोलीबारी

### कुछ शहरों में ब्लैकआउट

नई दिल्ली। सीजफायर के एलान के कुछ घंटे के बाद पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी हो रही है। शनिवार शाम विदेश मंत्रालय की तरफ से जानकारी दी थी कि दोनों देश सीजफायर के लिए दोनों देश राजी हो गए हैं। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया था कि 12 मई को दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच फिर बातचीत होगी।

**कच्छ जिले में कई ड्रोन देखे गए**

गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि कच्छ जिले में कई ड्रोन देखे गए हैं। अब पूरी तरह से ब्लैकआउट लागू किया जाएगा। कृपया सुरक्षित रहें, घबराएं नहीं। सीजफायर के एलान के कुछ घंटे के बाद पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी हो रही है।

**भारत तनाव का माहौल नहीं चाहताः मनीष तिवारी**

कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने कहा कि भारत कभी नहीं चाहता था कि पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल बने। 22 अप्रैल को



धर्म के आधार पर निदोष पर्यटकों की हत्या की गई थी, उसका 6 और 7 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर जवाब दिया।

**राजस्थान सीमा पर सीजफायर से लौटी शांति**

भारत–पाकिस्तान के बीच सीजफायर के निर्णय से राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों के निवासियों ने राहत की सांस ली। लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाए और सैनिकों के समर्थन में उत्साह व्यक्त किया।

**हम पर युद्ध थोपा गयाः मनोज झा**

आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि मेरा स्पष्ट मानना है कि हिंदुस्तान कभी युद्ध में नहीं घुसा, हम पर युद्ध थोपा गया, लेकिन जब लड़े तो बहादुरी से लड़े। सेना के शौर्य और पराक्रम को सलाम...

**सीजफायर का स्वागतः** उमर अब्दुल्ला

जम्मू–कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मैं सीजफायर का स्वागत करता हूं। अगर यह 2–3 दिन पहले हुआ होता, तो जानहानि नहीं होती।

**पाकिस्तान ने फैलाया झूठः सेना**

भारतीय सेना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पाकिस्तान ने कई तरह के झूठ फैलाए। ब्रह्मोस को नुकसान पहुंचाने की खबर झूठी थी। भारत ने किसी धार्मिक जगह पर हमला नहीं किया।

**सर्वदलीय बैठक बुलाए सरकारः कांग्रेस**

सीजफायर के एलान के बाद कांग्रेस ने कहा कि पीएम मोदी को सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करनी चाहिए और राजनीतिक दलों को विश्वास में लेना चाहिए।

**आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख अडिगः एस जयशंकर**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जानकारी दी कि दोनों देशों के बीच युद्ध विराम हो गया है। भारत और पाकिस्तान ने आज गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनाई है।

# घुटनों पर आए पाकिस्तान के पकड़े गए चार नए झूठ

नई दिल्ली । पहलगाम हमले के बाद भारत की ओर से आंतकवाद के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के कई सैन्य ठिकानों और नागरिक इलाकों को निशाना बनाने की कोशिश की थी। करीब चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के बाद पाकिस्तान की पहल पर भारत बिना शर्त के संघर्ष विराम के लिए तैयार हुआ है। संघर्ष विराम के एलान के बाद भारत ने पाकिस्तान की ओर से फैलाए जा रहे झूठ का पर्दाफाश किया है।

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम के बाद भारतीय सेना ने प्रेस ब्रिफिंग के जरिए पड़ोसी देश की पोल खोल दी है। शनिवार शाम कॉमडोर रघु आर नायर, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कमोडोर रघु आर नायर कहा, जैसा कि विदेश सचिव ने कहा कि हम सभी सैन्य ऑपरेशन रोकने की सहमति पर



पहुंच गए हैं। पिछले कुछ दिनों की घटनाओं के बारे में हमने आपको जानकारी दे दी है। इसके बाद प्रेस ब्रीफ में शामिल कर्नल सोफिया कुरैशी ने पाकिस्तान की ओर से फैलाए जा रहे झूठों का खुलासा किया।

**पहला झूठ**

कर्नल सोफिया कुरैशी ने पाकिस्तान के झूठे आरोपों का पर्दाफाश करते हुए बताया कि, अब मैं आपको पाकिस्तान की गलत जानकारी देने वाले कैंपेन के बारे में जानकारी दूंगी। पहला उसने अपने जेएफ 17 से हमारे एस–400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया, जो कि बिल्कुल गलत है।

**दूसरा झूठ**

कर्नल सोफिया ने बताया कि पाकिस्तान का कहना है कि हमारी एयरफील्ड सिरसा, जम्मू, पठानकोट, बठिंडा, नलिया और भुज में एयरबेस पर हमला किया है, ये भी बिलकुल गलत है।

**तीसरा झूठ**

पाकिस्तान के तीसरे झूठ को धराशायी करते हुए कर्नल सोफिया ने बताया कि हमारे चंडीगढ़ और ब्यास स्थित हथियार खाने पर हमला किया, यह बात भी गलत है। हमने आपको बताया था कि ये सभी चीजें सही सलमात हैं।

**चौथा झूठा**

पाकिस्तान की ओर से मस्जिदों पर हमले को लेकर फैलाए जा रहे झूठ का खुलासा करते हुए कर्नल सोफिया ने कहा, पाकिस्तान ने झूठे आरोप लगाए कि भारतीय सेना ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाया।

### पाकिस्तान का जन्म हुआ है उसका जाना तय है

गया , जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले और फिर भारतीय सेना की ओर से ऑपरेशन सिंदूर को सफलता से अंजाम देने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। पाकिस्तान लगातार उकसावे की कार्रवाई कर रहा है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने कहा कि भारतीय सेना पाकिस्तान हमें लगातार उकसा रहा है। उसकी उकसावे की कार्रवाई के बाद भी हमारी सेना संयम का परिचय दे रही है। गया में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि फिलहाल जो स्थिति है उसमें रिहायशी इलाकों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है, लेकिन अब पाकिस्तान से युद्ध का अंतिम वक्त आ गया है। हर बार पाकिस्तान नापाक हरकत करता है। सबसे पहले उसी ने शुरू किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान लगातार ड्रोन, मिसाइल का प्रयोग कर रहा है, अगर ऐसे कैंपों को भारत द्वारा ध्वस्त किया गया है तो यह सही है। भारतीय सेना बेहतर कदम उठा रही है। भारत को किसी भी दबाव में नहीं झुकना चाहिए। यह स्थिति 10 दिन चले या 15 दिन रहे, चलते रहना चाहिए।

# सबका लक्ष्य नेशन फर्स्ट होना चाहिए, ये काम सिर्फ सेना के जवानों का नहीं है : सीएम योगी

लखनऊ,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को शिक्षक धन्यवाद समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल अच्छे अंकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे नैतिक मूल्यों, संस्कारों और राष्ट्र प्रथम की भावना से जोड़ना चाहिए। हम अक्सर शिक्षा को अंकों तक सीमित कर देते हैं, लेकिन शिक्षा का उद्देश्य जीवन निर्माण है। एक ऐसा जीवन जो देश के लिए उपयोगी हो, समाज के लिए प्रेरणा हो। उन्होंने कहा कि जब हम शिक्षा को संस्कारों और राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ते हैं, तभी विकसित भारत की नींव रखी जा सकती है। विकसित भारत वह होगा, जहां हर नागरिक सुरक्षित, समृद्ध और आत्मनिर्भर हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का जो संकल्प देशवासियों को दिया है, उसमें शिक्षा और शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षक ऐसी पीढ़ी को गढने का कार्य कर रहे हैं, जो आने वाले समय में न केवल अकादमिक रूप से उत्कृष्ट होगी, बल्कि नैतिक दृष्टिकोण से भी मजबूत होगी।



## एक नजर

### 20 मई को होगा वार्षिक पूजा अनुष्ठान

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जय भोगू अग्री कौली गंगा मंदिर समिति की ओर से आगामी 20 मई को मंदिर का वार्षिक पूजा अनुष्ठान कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के पर्यटन व संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज मंदिर समिति की स्मारिका व यू ट्यूब चैनल का विमोचन करेंगे। यह जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष डा. सुरेंद्र प्रसाद ने क्षेत्रीय जनता से कार्यक्रम में प्रतिभाग करने की अपील की है।

### हुड़दंग मचाने के आरोप में दो पर कार्यवाही

श्रीनगर गढ़वाल : कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने व सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की है। थाना श्रीकोट प्रभारी मुकेश गैरोला ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने पर देवप्रयाग और श्रीनगर निवासी दो लोगों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मुकेश भट्ट, चरण सिंह, गंगा सिंह, दिनेश चौहान, संदीप चौहान शामिल। (एजेंसी)

### पात्र व्यक्ति को मिले योजनाओं का लाभ: देशराज

श्रीनगर गढ़वाल : समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष, राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल ने शनिवार को नगर निगम सभागार में समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को हर पात्र व्यक्ति तक समाज कल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल ने कहा कि समाज कल्याण की योजनाओं का ग्राम पंचायत स्तर तक व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे अधिक से अधिक लाभार्थी योजनाओं से जुड़ सकें। कहा कि जनपद में बारहवीं तक के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत 51 हजार छात्रों में से एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के सभी पात्र छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए। कहा कि यदि छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया में कोई व्यवहारिक दिक्कतें हैं, तो उन्हें समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग और तहसील प्रशासन के समन्वय से हल किया जाए। जिला समाज कल्याण अधिकारी रोहित डोबरिया ने कहा कि वर्ष 2024-25 के लिए एसीपी योजना के अंतर्गत 9 प्रस्ताव स्वीकृत हुए हैं, जिनके लिए 24 लाख 50 हजार रुपये की धनराशि प्राप्त हुई है। राज्य मंत्री कर्णवाल ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्माणाधीन कार्यों का स्थल निरीक्षण किये जाने और योजनाओं के पूरा होने पर संबंधित जानकारी को बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम सभागार में खिर्सू ब्लॉक के भटोली की रिया और चौखाल की पिंकी को व्हीलचेयर, नगर निगम श्रीनगर के संदीप कुमार और संदीप सिंह को छड़ी वितरित कर सहायता प्रदान की। समीक्षा बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, उपजिलाधिकारी श्रीनगर नूपुर वर्मा, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर,मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. विशाल शर्मा, जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा नरेंद्र प्रसाद टम्टा, गणेश भट्ट आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### गुरिल्लाओं को सीमाओं पर तैनात किया जाएं

श्रीनगर गढ़वाल : एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला ने देश सेवा के लिए एक और मौका दिए जाने की मांग की है। एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जनपद टिहरी के जिलाध्यक्ष दिनेश प्रसाद गैरोला और मीडिया प्रभारी अनिल प्रसाद भट्ट ने कहा कि 1971 की बांग्लादेश की लड़ाई हो या 1999 में कारगिल युद्ध, एसएसबी गुरिल्लों ने सीमाओं पर रहकर सूचना भारतीय सेना को देती थी, लेकिन आज सरकार ने उन्हें दरकिनार किया हुआ है। कहा कि वर्तमान में देश में जो हालात बने हुए हैं, ऐसे में एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला सीमाओं पर देश सेवा के लिए तत्पर रहकर कार्य करने को तैयार हैं। कहा कि इससे देश की सीमाओं में हो रही हलचल को भारतीय सैनिकों व सरकार तक पहुंचाया जा सकेगा।

### वाद-विवाद में आराध्या, प्रेजेंटेशन में अंकिता ने मारी बाजी

श्रीनगर गढ़वाल : शैमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल की साइंस कमेटी एंड टेक्नोलॉजी कमेटी ने एआई थीम पर टेक्नोलॉजी डे का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. हेमवती नंदन ने छात्र-छात्राओं को आधुनिक तकनीकी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

# बदलता मौसम, बीमार हो रहा आमजन



कोटद्वार राजकीय बेस चिकित्सालय।

## सुबह से ही मरीज व उनके तीमारदार ओपीडी की पर्ची बनवाने के लगा रहे थे लंबी लाईनें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : चार दिन पूर्व जहां गर्मी का पारा 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। वहीं, वर्तमान में पारा लुढ़ककर 30 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। पल-पल बदलते मौसम के इस मिजाज ने आमजन को बीमार करना शुरू कर दिया है। नतीज, बेस अस्पताल में प्रतिदिन तीन से चार सौ मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। बदलते मौसम में चिकित्सक मरीज को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं।

पिछले दस दिन से गर्मी के तेवर लगातार बढ़ते जा रहे थे। सुबह से ही तेज धूप के कारण आमजन का घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया था। गर्मी का पारा चढ़ते हुए 37 के पार पहुंच गया था। लेकिन, चार दिन पूर्व अचानक मौसम का मिजाज बदला और बारिश के साथ ही कई स्थानों पर ओलावृष्टि होने लगी।

नतीजा, चार दिन से लगातार पारे में उतार-चढ़ाव हो रहा है। जिसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। बेस अस्पताल में चार दिन से बुखार-सर्दी-जुकाम के मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। सुबह से ही मरीज व उनके तीमारदार ओपीडी की पर्ची बनवाने के लिए लाइन पर खड़े हो रहे हैं। चार दिन पूर्व तक जहां अस्पताल में उपचार के लिए सौ से डेढ़ सौ मरीज पहुंचते थे। वहीं, अब यह संख्या तीन से चार सौ तक पहुंच गई है। चिकित्सकों का कहना है कि मौसम में बदलाव के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। ऐसे में खान-पान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इन बातों का ध्यान रखें

-तेज धूप में बाहर न निकलें

-रात को ठंडे पदार्थों का सेवन न करें

-बाहर का भेजन या फास्ट फूड न खाएं

- दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें।

### चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : कोटद्वार पुलिस ने चोरी की मोटर साइकिल सहित शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। आरोपी पूर्व में भी चोरी की घटनाओं में जेल जा चुका है। कोतवाली से प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 अप्रैल 2025 को आजिम निवासी लकड़ी पड़ाव द्वारा कोतवाली में उनकी बजाज डिस्कवर मोटर साइकिल को किसी अज्ञात द्वारा चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इस पर मुकदमा दर्ज करते हुए कोतवाली पुलिस ने तफ्तीश आरंभ कर दी। इस क्रम में प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने अथक प्रयास करने के बाद शुक्रवार रात को चैकिंग के दौरान अजय पुत्र धर्म सिंह निवासी कौड़िया कैम्प, कोटद्वार को रेलवे स्टेशन के पीछे पुराने डाकघर के पास से चोरी की गई मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

# सड़क डामरीकरण की गुणवत्ता पर सवाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नैनीडांडा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम चैड़-चैनपुर के ग्रामीणों ने द्वारी-भौन के मध्य ग्राम हरपाल-चैड़-चैनपुर में सड़क डामरीकरण में अनियमितता का आरोप लगाया है।

कहा कि जिस तरह कार्य चल रहा है, उससे लगता है यह डामर एक बरसात भी नहीं झेल पाएगा। क्षेत्रीय जन बिशन सिंह गुंसाई सहित अन्य ग्रामीणों की ओर से शासन को पत्र भेजा है। बताया कि रिखणीखाल व नैनीडांडा ब्लाक को जोड़ने के लिए द्वारी-भौन मोटर मार्ग पर ग्राम हरपाल से ग्राम चैड़-चैनपुर के मध्य मोटर मार्ग पर पांच किलोमीटर सड़क का डामरीकरण का कार्य चल रहा है। स्थानीय ग्रामवासियों की शिकायत है कि सड़क पर जो डामर बिछाया जा रहा है, वह बहुत ही घटिया स्तर का है। डामर सतह से ऊपर की ओर उठ रहा है और चलते वाहनों के टायरों पर चिपक कर उखड़ रहा है। सड़क पर जो डामर बिछाया जा रहा है, उसकी पकड़ बेहद कमजोर है। कहा कि डामरीकरण में घटिया सामग्री एवं कम मात्रा में तारकोल का इस्तेमाल किया जा रहा है। सड़क पर बिछे हुए डामर की मोटाई भी एक निश्चित मानक के अनुसार नहीं है। इसे स्पष्ट पता चलता है कि सड़क पर जो डामरीकरण का कार्य हो रहा है, वह सही गुणवत्ता व मानकीकरण के अनुरुप नहीं है। यदि सड़क पर बिछा हुआ डामर इस तरह से उखड़ता रहा तो जल्द ही सड़क की जगह कंक्रीट-बजरी सड़क पर फैल जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि डामरीकरण के दौरान न ही कोई ठेकेदार नजर आता है और ही लोक निर्माण विभाग का कोई अधिकारी या कर्मचारी मौके पर पहुंचते हैं। ज्ञापन में शासन से मामले का संज्ञान लेते हुए डामरीकरण कार्य की जांच करवाने की मांग की गई है।

# शिक्षिका की प्रतिनियुक्ति होने पर विद्यालय परिवार ने दी भावभीनी विदाई

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : विकासखंड कल्जीखाल के सुदूरवर्ती विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज दिउसी में विगत पांच वर्षों से अपनी सेवाएं दे रही संस्कृत प्रवक्ता श्रीमती इड़ा आर्या की प्रतिनियुक्ति समग्र शिक्षा के अंतर्गत जिला समन्वयक के पद पर जनपद उद्यम सिंह नगर में हो गई है। उनकी प्रतिनियुक्ति होने पर शनिवार को विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया, उन्हें नए जनपद में समग्र शिक्षा के अंतर्गत उनकी 3 साल के लिए नियुक्ति हुई है। विदाई समारोह में शिक्षकों ने उन्हें फूलमालाओं एवं उपहार देकर भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि समाजिक कार्यकर्ता एवं पीएलवी जगमोहन डांगी ने कहा कि क्षेत्र के गांवों में निरंतर हो रहे पलायन के कारण विद्यालयों की छात्र संस्था निरंतर घट रही है जो चिंता का विषय है। अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में



प्राइमरी एवं जूनियर स्तर के विद्यालय बंद हो गए है, जिस कारण ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों की छात्र संस्था निरंतर घटती जा रही है। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों से राइका दिउसी विद्यालय का बोर्ड परीक्षाओं में छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा है। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य सुशील कुमार डंडरियाल, विद्यालय से हाल में सेवानिवृत हो चुके प्रभारी प्रधानाचार्य दीनदयाल सिंह, पीटीए अध्यक्ष कुलदीप बगासी, बालकिशन, अनूप कुमार गुसाईं, हरीश चंद्र, कुलदीप जखमोला, राजकुमार, रश्मिवीर, अर्जुन चौखाली, अंकिता, रीता रावत आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन बीरेन्द्र सिंह रावत ने किया।

# शिक्षकों की अनूठी पहल, विद्यालय के सौंदर्यकरण में दिया आर्थिक योगदान

### अटल आदर्श राइंकॉ कण्वघाटी में शिक्षकों ने की सरस्वती मां की मूर्ति स्थापना, कक्षा सौंदर्यीकरण एवं मुख्य गेट निर्माण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर के अटल आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज कण्वघाटी में शिक्षकों ने शिक्षा और विद्यालय के समग्र विकास के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। विद्यालय के सौंदर्यीकरण में अध्यापकों ने आर्थिक योगदान कर सरस्वती मां की मूर्ति स्थापना, कक्षा सौंदर्यीकरण एवं मुख्य गेट निर्माण का कार्य करवाया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने बताया कि अध्यापकों की यह अनुठी पहल दर्शाता है कि वे सब विद्यालय की प्रगति और विकास में



अटल आदर्श राइंकॉ कण्वघाटी में सरस्वती माँ की मूर्ति स्थापना में उपस्थित शिक्षक।

सक्रिय रूप से शामिल हैं। शिक्षकों के यह योगदान विद्यालय के वातावरण को बेहतर बनाने और छात्रों के लिए एक सकारात्मक और प्रेरणादायक जगह बनाने में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को विद्यालय के शिक्षक अनिल अग्रवाल ने विधिवत पूजन कर 80,000 की लागत से सरस्वती मां की भव्य मूर्ति की स्थापना की। कहा कि पूर्व में शिक्षिका मंजू नेगी ने कक्षा 6 के नवप्रवेशी छात्रों के लिए 75,000 की लागत से 40 सेट कुर्सी-मेज, कक्षा का रंगरोहन और मेट की व्यवस्था की जिससे अध्ययन कक्ष और भी अधिक आकर्षक एवं सुविधाजनक बन गया। इसी क्रम में शिक्षक कुलदीप सिंह नेगी ने अपने ताऊ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय कुंवर सिंह नेगी की पावन स्मृति में 50,000 की लागत से विद्यालय के मुख्य गेट का निर्माण कराया, जिससे विद्यालय को एक भव्य और स्वागतयोग्य प्रवेश द्वार प्राप्त हुआ। अध्यापकों की इस अनूठी पहल की अभिभावक संघ की अध्यक्षा मुन्नी देवी, पार्षद भीम सिंह नेगी, रजनीश बेबनी, जेपी बहुखंडी, कमलेश्वर जखमोला, महेश चंद, कविता बिष्ट रावत, अनुराधा जोशी रजवार, पंकज बिष्ट, पंकज नेगी, रोशन बलूनी, पी. प्रभाकर, कमल कांत शर्मा ने सरहाना की है। उन्होंने कहा कि ऐसी पहल से केवल विद्यालय की गरिमा बढ़ती है, बल्कि समाज के अन्य सदस्यों को भी प्रेरणा मिलती है।

# कुलदेवी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना

### भाजपा नेता डॉ. विनोद बछेती ने ग्राम कांडा में आकर की कुलदेवी की पूजा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पौड़ी गढ़वाल के सित्योनस्यूं पट्टी के ग्राम कांडा में डॉ. विनोद बछेती परिवार सहित अपने पिताजी स्वर्गीय राम सेवक बछेती की प्रथम पुण्यतिथि पर उनकी वार्षिकी एवं कुलदेवी मां जलंधरा की वार्षिक अनुष्ठान में गांव पहुंचे।

उन्होंने कुल देवी मां जलंधरा मंदिर में भी पूजा अर्चना कर क्षेत्र और देश की सुख समृद्धि के लिए मां जलंधरा से आशीर्वाद मांगा पूज्य पिताजी स्वर्गीय राम सेवक स्व. राम सेवक बछेती की प्रथम पुण्यतिथि पर क्षेत्रीय विधायक राजकुमार पोरी शामिल हुए उन्होंने भी डॉ. विनोद बछेती के श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान डॉ. विनोद बछेती और क्षेत्रीय



विधायक राजकुमार पोरी ने भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही राष्ट्रीय स्तर पर जन कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से जनपद पौड़ी के विकास के लिए उनका पूरा सहयोग रहेगा, क्योंकि पौड़ी गढ़वाल उनकी जन्मभूमि है। वह माह में एक बार जरूर गांव आते हैं।

ज्ञात हो कि डॉ. विनोद बछेती दिल्ली में प्रवासियों में एक सफल उद्योगपति के साथ-साथ दिल्ली प्रदेश में भाजपा के संगठन मंत्री एवं नई दिल्ली जिला प्रभारी है। इस मौके पर राजेश बछेती, सुशील बछेती, अशोक बछेती, भाजपा युवा नेता आनंद नेगी, सांसद प्रतिनिधि संजय बलूनी, समाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी, क्षेत्र के राजस्व उपनिरीक्षक विजय पंत, ग्राम प्रधान कांडा श्रीमती नीलम बलूनी, समाजिक कार्यकर्ता विमल बलूनी, पूर्व प्रधान विनोद बछेती सहित क्षेत्र एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

### कम्प्यूटर शिक्षा और नशा मुक्त को लेकर दी जानकारी

चमोली : चमोली जिले के पोखरी विकासखंड के भिकोना देवस्थान में शनिवार को सीके फाउंडेशन के द्वारा कम्प्यूटर शिक्षा, इंगलिश स्पीकिंग और नशा मुक्त को लेकर जानकारी दी गई। कार्यकम के दौरान उपजिलाधिकारी अबरार अहमद ने कहा सीके फाउंडेशन के द्वारा जिस प्रकार से बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा के साथ नशा मुक्ति को लेकर जानकारी दी जा रही है वह सराहनीय है।

सीके फाउंडेशन के सीके शर्मा ने कहा हमारा उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के साथ नशा मुक्ति समाज का निर्माण करना है। भिकोना के ग्राम पंचायत प्रशासक धीरेंद्र राणा ने कहा जिस प्रकार से सीके फाउंडेशन ने बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा के साथ नशा मुक्ति की मुहिम से जोड़ा है इस लिए सभी ग्राम पंचायत की ओर से आभार व्यक्त किया। (एजेंसी)

# निराश्रित पशुओं के लिए जगह-जगह नांदे बना रहे युवा

### भाबर में भीषण गर्मी के चलते संकल्प फाउंडेशन की टीम ने कर रही अनूठी पहल

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : भाबर में संकल्प फाउंडेशन के युवा निराश्रित पशुओं के लिए चारे और पानी की व्यवस्था कर उनकी सेवा में लगे है। भीषण गर्मी को देखते हुए युवा भाबर क्षेत्र में जगह-जगह नांद बनाकर मवेशियों के लिए पानी की व्यवस्था कर एक अनूठी पहल की है। संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह रावत, विशाल माने, हिमाशु शाह, प्रियांशु कुमार, आकांशा रावत आदि का कहना है संस्था का उद्देश्य निराश्रित पशुओं का इलाज और सेवा करना है। भीषण गर्मी के चलते क्षेत्र में पानी के स्त्रोत सूख जाते हैं। ऐसे में पशु-पक्षी पानी के लिए भटकते रहते हैं। भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए पानी की कमी एक बड़ी मुसीबत साबित होती है। गर्मी के चलते बेजुबान जानवरों और पक्षियों को पानी पिलाने के लिए नई व्यवस्था की है। टीम ने स्वयं के खर्चे से भाबर क्षेत्र में सीमेंट के नाद बनाने का काम शुरू किया है। कहा कि लोगों से सलाह मशवरा कर नांद बनाने की जगह को चिन्हित किया जा रहा है। नाँदों में संस्था द्वारा पानी भरने और सफाई का कार्य करूंगा। यही नहीं नादो की सफाई भी स्वयं ही करेंगे, ताकि जानवरों को रोज साफ-सुथरा पानी मिल सके।

# नशे पर रोक लगाने में छात्रों की भूमिका महत्वपूर्ण



**जयन्त प्रतिनिधि।थलीसैंण** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, थलीसैंण में एंटी ड्रग सेल के तत्वावधान में मिशन ड्रग फ्री कैंपस के अंतर्गत एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि नशे पर रोक लगाने में छात्रों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। छात्र अपने स्कूल, कॉलेज और समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता फैला सकते हैं। वे अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों को नशे के खतरों के बारे में बता सकते हैं और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए नोडल अधिकारी एंटी ड्रग सेल डॉ. विवेक रावत ने मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु हेल्पलाइन नंबर 1933 के बारे में बताया। कहा कि सरकार के गृह मंत्रालय एवं एनसीबी के द्वारा 18 जुलाई, 2024 को राष्ट्रीय मादक पदार्थों हेल्पलाइन 1933 शुरू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को नशे के खतरे से अवगत कराना, तस्करी की जानकारी साझा करने हेतु एक सुरक्षित मंच प्रदान करना तथा पुनर्वास एवं परामर्श सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराना है। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. छाया सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं से मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के प्रचार-प्रसार हेतु भारत सरकार के इस अभियान से सतत् जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कहा कि हम अपनी लड़ाई ह्लएक युद्ध नशे के विरुद्धह्व को और प्रभावी बना सके। इस अवसर पर डॉ. नीरज असवाल, डॉ. हरिओम रावत, डॉ. प्रमिल्ला चौहान उपस्थित रहे।

# गुलदार की चहल कदमी से दहशत में लोग

### पालतू मवेशियों को बना रहा निवाला

**जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली** : नगर पंचायत क्षेत्र में गुलदार का खौफ बढ़ता जा रहा है। यहां गली-मोहल्लों में गुलदार की चहल कदमी से लोगो में डर का माहौल बना हुआ है। जंगलों से निकलकर अब गुलदार बता दें कि गुलदार लगातार आबादी की ओर रख कर रहे हैं। बीते माह की 28 अप्रैल को स्थानीय निवासी जितेंद्र की गाय के बछड़े को गुलदार निवाला बना चुका है। घटना के बाद से क्षेत्र वालों में डर का माहौल है। बाघ की मौजूदगी से सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों व बुर्जगों को हो रही है। डर की वजह से वे अपने घर की देहरी गली मोहल्लों में जाने से कतरा रहे हैं। उधर, वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को लगातार जागरूक किया जा रहा है, लेकिन गुलदार की चहल कदमी कम होने का नाम नहीं ले रही। गुलदार की चहल-कदमी से ना सिर्फ घटनाएं बढ़ी हैं, बल्कि लोगों का डर भी लगातार गहराता जा रहा है। आस-पास के गांवों में दहशत फैली हुई है। इस संदर्भ में क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता पुष्पेन्द्र राणा ने लैंसडौन वन विभाग रेंजर राकेश चंद्र से फोन पर वार्ता कर गुलदार के आंतक से निजात दिलाने की मांग की। कहा कि गुलदार के आतंक से बच्चों और ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

नं. Sr. DEN-C/Publication/25-26 दिनांक : 09.05.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 37-DRM-MB-25-26 Dt. 09.05.2025 |
| कार्य का नाम | Manufacturing, supplying & Loading, leading, unloading & stacking of 50000 cum machine crushed stone ballast of 65 mm gauge size as per Railway Specification including loading of ballast in to Rly. wagons / hoppers at Pathri Sub depot - A under Sr.DEN/C/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 05.06.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 5,98,06,500.00 |
| धरोहर राशि | 4,49,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 22.05.2025 |

1398/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# सरकारी स्कूलों में घटती छात्र संख्या पर जताई चिंता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : शनिवार को पदमपुर सुखरौ स्थित एक बारातघर के सभागार में जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ इकाई दुगड्डा की शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं त्रैवार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने सरकारी विद्यालयों में घटती छात्र संख्या के कारण और उपायों पर चर्चा की। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर निगम मेयर शैलेन्द्र रावत ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विकासखंड दुगड्डा के विभिन्न जूनियर हाई स्कूलों से पिछले दो वर्षों में सेवानिवृत हुए 13 शिक्षकों को अंग वस्त्र तथा विदाई पत्र देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय सत्र में शिक्षकों ने विद्यालय में घटती छात्र संख्या के



जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ इकाई दुगड्डा के नव निर्वाचित पदाधिकारी।

कारण और उपाय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों के अध्ययन स्तर को निजी स्कूलों जैसा ही उठाना होगा और अभिभावकों को अपने पाल्यों का प्रवेश सरकारी स्कूल में कराने के लिए प्रेरित करना होगा। इस अवसर पर अनिल नवानी, राइंकॉ कोटद्वार के प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावत, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष दिवान सिंह रावत, प्रांतीय सलाहकार कुंवर सिंह राणा, जिला अध्यक्ष भगत सिंह भंडारी, जिला उपाध्यक्ष भोपाल सिंह रावत, जिला मंत्री मुकेश काला, कोषाध्यक्ष पवन देवलियाल, नागेंद्र प्रसाद डोबरियाल, संदीप गुसाईं, नफीस अहमद, बिपिन चौहान, उमा बुड़ाकोटी, अरुण कुकरेती, ओम प्रकाश तिवारी, नंद किशोर कुकरेती, जयपाल भंडारी, अनिल बलूनी, शोभा उनियाल, संतोष भंडारी आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन सुरदीप गुसाईं एवं जागृति कुकरेती ने किया।

### बिपिन चौहान बनें ब्लॉक अध्यक्ष

इस मौके पर जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ इकाई दुगड्डा के चुनाव पर्यवेक्षक नागेंद्र प्रसाद डोबरियाल ने कार्यकाल पूर्ण होने पर संघ की ब्लाक कार्यकारिणी दुगड्डा को भंग किए जाने की घोषणा कर नवीन कार्यकारिणी चुने जाने का आह्वान किया। नई ब्लॉक कार्यकारिणी के गठन हेतु संपन्न चुनाव प्रक्रिया के उपरांत ब्लॉक अध्यक्ष पद पर बिपिन चौहान, उपाध्यक्ष पद पर देवेंद्र सिंह रावत, कोषाध्यक्ष पद पर श्रीमती उमा बुड़ाकोटी एवं संयुक्त मंत्री के पद पर सुदर्शन प्रसाद जुयाल निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। जबकि ब्लॉक मंत्री के पद हेतु संपन्न मतदान के उपरांत रविंद्र मझेड़ा को 76 मत एवं जागृति कुकरेती को 21 मत मिले, इस प्रकार ब्लॉक मंत्री पद पर रविंद्र मझेड़ा निर्वाचित हुए। नवगठित ब्लॉक कार्यकारिणी को संघ के जिलाध्यक्ष भगत सिंह भंडारी ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 36-DRM-MB-25-26 09.05.2025 |
| कार्य का नाम | Recoupment and additional provision of monsoon reserve in the Jurisdiction of Sr.DEN/I/MB |
| निविदा का प्रकार | Works |
| अनुमानित लागत | 1,99,88,055.30 |
| धरोहर राशि | 2,50,000/- |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 24.05.2025 13:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 10.05.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |

न.74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 09.05.2025 1404/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### ऑनलाइन ट्रेडिंग के जाल में फंसकर 10 .50 लाख गंवाए

देहरादून। दून निवासी एक युवक ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के जाल में फंसकर 10.50 लाख रुपये गंवा दिए। साइबर ठगों ने उसे मोटा मुनाफ कमाने का लालच दिया। प्रेमनगर थाना पुलिस के अनुसार, विकास कुमार निवासी पोंधा ने तहरीर दी कि 20 फरवरी 2025 को उन्हें एक नंबर से व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया था। ग्रुप में स्टॉक मार्केट को लेकर मैसेज आते थे। विकास कुछ समय तक इन मैसेज को पढ़ते रहे, बाद में उन्होंने भी निवेश की इच्छा जताई। इस पर उनकी प्रिया शर्मा नाम की एक युवती से बात हुई। प्रिया ने उन्हें निवेश से संबंधित जरूरी जानकारी दी। उसने विकास को एक लिंक भेजकर एप डाउनलोड करने के लिए कहा। इसके बाद कंपनी में उनका खाता खोला गया। युवती ने बताया कि निवेश करने से उन्हें अच्छा प्रॉफिट होगा। विकास ने बताया कि इसके बाद उन्होंने कंपनी की ओर से बताए गए बैंक खातों में निवेश के लिए 10.50 लाख रुपये जमा कराए। कुछ दिन बाद उसका काफी प्रॉफिट उनके खाते पर दिख रहा था। यह देख उन्हें ठगी का शक हुआ। उन्होंने कंपनी में रकम निकालने के लिए कहा, लेकिन बताया गया कि रकम निकालने से पहले उन्हें 21 लाख रुपये जमा करने होंगे। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### पूर्व सैनिकों ने साथ बिताए पलों को याद किया

देहरादून। सेना की चार महार (बोर्ड) के पूर्व सैनिकों ने बटालियन का 77वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। पूर्व सेनिकों ने सेवाकाल के दौरान साथ बिताए दिनों को याद किया। देहरादून में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत शहीदों को श्रद्धांजलि देकर और महार गान गाकर किया गया। मुख्य अतिथि बटालियन के पूर्व अधिकारी कर्नल भूपेंद्र सिंह रावत ने सभी पूर्व सैनिकों और उनके परिवारजनों को बधाई दी। साथ ही बटालियन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विशेष अतिथि हिमाचल प्रदेश से बटालियन के सेवानिवृत ऑर्डनरी कैप्टन राम सिंह, नायक बलवान सिंह, हरियाणा से नायक राम चन्दर रहे। समिति के अध्यक्ष नायक दिनेश गोदियाल ने बटालियन ने कहा कि चार महार (बोर्डस) की स्थापना आठ मई 1948 को योल में ईस्ट पंजाब फ्रंटियर स्काउट की पहली बटालियन के रूप में हुई थी। बटालियन ने 77 वर्षों के दौरान देश की सीमाओं की सजग पहरेदारी, आंतरिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति सेना के रूप में अपना योगदान दिया। समारोह में कैप्टन सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आंतकी ठिकानों को ध्वस्त करने से सम्बन्धित भारतीय सेना के पराक्रम के विषय एक जोश भरी कविता का गायन किया गया। मौके पर कैप्टन सुरेंद्र सिंह रावत, चतर सिंह, वीडी भट्ट, सुजान सिंह, वाईडी शर्मा, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, जयवीर सिंह रावत, शैलेंद्र रावत, सुरेंद्र रावत, प्रकाश चंद, नरेंद्र कुमार, विजियानन्द खंडूड़ी आदि मौजूद थे।

### बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष बने शाह

देहरादून। उत्तराखंड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। उत्तराखंड रोडवेज इंपलाइज यूनियन के प्रांतीय कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष गोविंद शाह और महामंत्री कंदन सिंह रावत को चुना गया। प्रदेश कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष (गढ़वाल) सुहैल अहमद, उपाध्यक्ष (कुमाऊं) पूरन सिंह बिष्ट, सचिव दिगंबर सिंह सजवाण, कोषाध्यक्ष प्रकाशचंद्र थपलियाल, सोशल मीडिया प्रभारी दिगंबर सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री अरविंद पंवार और लेखा परीक्षक बलवीर सिंह को चुना गया। बैठक में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही भारतीय सेना की ओर से आतंक के खिलाफ चलाए जा रहे आपरेशन सिंदूर का समर्थन किया गया, कहा कि सभी कर्मचारी सेना के साथ खड़े हैं। इस दौरान प्रदेश भर में हड़ताल, धरना, प्रदर्शन स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

### प्रकृति से लगाव ही फोटोग्राफी को करता है प्रेरित : पदमश्री साह

नैनीताल। डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग में हिमालय की जैव विविधता और पर्यावरण विषय पर शनिवार को व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता पद्मश्री अनूप साह ने छात्रों को फोटोग्राफी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को फोटोग्राफी का महत्व बताते हुए कहा कि प्रकृति से लगाव ही फोटोग्राफी के लिए प्रेरित करता है। अनूप साह ने अपनी फोटोग्राफी के माध्यम से छात्रों को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

# इंटेरनेशनल स्कूल 9वाँ इन्विटेशनल टेनिस टूर्नामेंट 2025 सम्पन्न



देहरादून। सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल ने 9 मई और 10 मई 2025 को 9वें इन्विटेशनल टेनिस टूर्नामेंट की मेजबानी की। इस टूर्नामेंट की मेजबानी सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल द्वारा खेल प्रतिभाओं को निखारने तथा खेलभावना के साथ खेल प्रतिस्पर्धा का उत्सव मनाने हेतु की गईक इस टूर्नामेंट का मुख्य आकर्षण मेजबान विद्यालय सहित देश के 8 प्रतिष्ठित विद्यालयों की भागीदारी रहीक जहाँ देश के युवा प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अपने-अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा को निखारा। भाग लेने वाली टीमों में मेजबान सेलाकुई स्कूल के साथ द एशियन स्कूल, ब्राइटलैंड्स स्कूल, टोंसब्रिज, कसीगा स्कूल देहरादून, जी.डी. गोयनका देहरादून, डीपीएस देहरादून, लारेंस स्कूल सनावर से 32 से अधिक टेनिस खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता अंडर-14 गर्ल्स एंड बॉयज, अंडर 19 गर्ल्स एंड बॉयज, अंडर 19 डबल गर्ल्स एंड बॉयज केटेगरी में आयोजित हुई।

अंडर-14 गर्ल्स में वरिंदा विट्टायाकोर्न, सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल से 6-0, 6-0 से विजयी रही और समायरा यादव द लॉरेंस स्कूल सनावर से रनरअप रहीं।अंडर-14 बॉयज में अरुश संगल टोंस ब्रिज स्कूल से 6-0, 6-1 से विजेता रहें और युवराज सिंह सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल से रनरअप रहें। अंडर-19 गर्ल्स में चारवी पटवा टी.ए.एस स्कूल से 6-0, 6-1 से विजयी रही और विशाखा सिंह सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल से रनरअप रहीं।अंडर-19 बॉयज में शौर्य शर्मा टोंस ब्रिज स्कूल से 6-1, 6-0 से विजेता रहे और नावीन विट्टायाकोर्न सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल से रनर अप रहे। अंडर-19 डबल गर्ल्स में विशाखा सिंह और वरिंदा विट्टायाकोर्न, सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल से 6-0, 6-3 से विजेता रही और अरिशा जैन और वाणी लॉरेंस स्कूल सनावर रनर अप रहे।

### विकास को विज्ञान से जोड़ने के होंगे बड़े लाभ: त्रिपाठी

नई टिहरी। एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के एसआरटी कैम्पस चम्बा के जन्तु विज्ञान विभाग के दो दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन प्रो डब्ल्यूएस लाकरा के नेतृत्व में हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सीडीओ डा अभिषेक त्रिपाठी शामिल हुये। उन्होंने कहा कि इस शैक्षणिक कार्यक्रम का उद्देश्य जीवन विज्ञान को गहराई से जानना और इसे लेकर अग्रणी वैज्ञानिकों के साथ संवाद स्थापित करना होना चाहिए। मुख्य वक्ता के तौर पर सीडीओ डा त्रिपाठी ने आगे कहा कि विकासात्मक योजनाओं को विज्ञान के साथ जोड़ना होगा। यदि वैज्ञानिक सोच के तहत कार्य किया जाए तो और अधिक प्रगति हो सकती है। मत्स्य पालन, बागवानी, मधुमक्खी पालन आदि अनेक क्षेत्रों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में रोजगार के अवसर तलाशते हुए विकास कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। कार्यक्रम के संयोजक प्रो एनके अग्रवाल ने कहा कि विभाग का लक्ष्य छात्रों को केवल सैद्धांतिक नहीं, बल्कि व्यावहारिक और नवोन्मेषी ज्ञान से जोड़ना है। वक्ता प्रो लाकरा ने जल जैव विविधता प्रबंधन, जलकृषि में जैव प्रौद्योगिकी के नवाचार और इनलैंड एवं शीत जल मत्स्य पालन में नवीनतम विकास जैसे विषयों पर गहन और प्रेरक व्याख्यान दिए।

## तिनगढ़ के आपदा प्रभावितों को न्यू तिनगढ़ में बसाने का काम शुरू

नई टिहरी। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित तिनगढ़ गांव के 72 परिवारों को न्यू तिनगढ़ में बसाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। प्रत्येक परिवार को सरकार ने 4.50 लाख रुपये की धनराशि घर बनाने के लिए स्वीकृत की है। जिसमें से प्रथम किस्त सभी ग्रामीणों को उपलब्ध कराई गई है। सीडीओ डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने ब्योंटी नामे तोक में बसाए जा रहे न्यू तिनगढ़ गांव का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गांव में सड़क, पेयजल और स्ट्रीट लाइटें लगा दी गई हैं कुल 72 परिवारों को यहां विस्थापन किया जा रहा है। अब तक 2 परिवारों ने घर की पड़ गई है। जबकि 57 घरों की प्लिंथ डाल दी है। सीडीओ ने बताया कि 4.50 लाख की धनराशि घर बनाने के लिए दी जा रही है। इसके अलावा मनरेगा से विकास विभाग गांव के आंतरिक मार्ग, शौचालय निर्माण, कॉमन वर्किंग शेड, नहर और गौशाला का निर्माण कराएगा। ताकि ग्रामीणों को दिक्कत न हो और उन्हें भवन निर्माण के साथ-साथ स्वरोजगार भी मिले। सीडीओ ने डीडीओ मो. असलम को मनरेगा के कार्यों को कराने के लिए तत्काल प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। ग्राम प्रशासक रीना देवी ने बताया कि 26-27 जुलाई 2024 को तिनगढ़ गांव में प्राकृतिक आपदा से पूरा गांव जमींदोज हो गया था। लांकि प्रशासन ने समय पर पूरे गांव को खाली करा कर जनहानि होन से बचा लिया था। ग्राम प्रशासक ने कहा कि न्यू तिनगढ़ गांव को मॉडल गांव के रूप में विकसित करने के लिए शासन-प्रशासन कार्य कर रहा है। एक ही शैली में घरों को बनाया जा रहा है। बताया कि सीड संस्था ने जूनियर हाईस्कूल का निर्माण कर दिया है। इस मौके पर ग्रामीण शंभू प्रसाद, दौलत राम, बीडीओ विपिन सिंह, डीपीओ अनुज बहुगुणा, ग्राम विकास अधिकारी संजीव कुमार, कनिष्ठ अभियंता राजेश चौहान, अंतरिक्ष रमोला आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांगों की मदद के लिए आगे आई प्रथम श्वास फाउंडेशन

देहरादून। दून इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को प्रथम श्वास फाउंडेशन, दून सिटीजन काउंसिल, श्री पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर सेवादल की ओर से तीन दिवसीय दिव्यांग सहायता एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर शुरू हुआ। इसमें दिव्यांगों को व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल आदि उपलब्ध करवाने के साथ निशुल्क चेक अप किया जाएगा।

इस असवर पर माता मंगला, भोले महाराज, वन मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक सविता कपूर, दून इंटरनेशनल स्कूल के संचालक डीएस मान, कथा वाचक पंडित सुभाष जोशी ने दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उतकृष्ट कार्य करने वाले व पदम श्री, पद्मभूषण, राष्ट्रपति पदक विजेताओं, समाजसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया गया। प्रथम श्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष अनामिका जिंदल ने बताया कि यह संस्था का तीसरा दिव्यांग शिविर है। हर दो साल के अंतराल में इस तरह के शिविर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि वह आगे भी निरंतर दिव्यांगों, जरूरतमंद लोगों के लिए कार्य करती रहेंगी। उन्होंने संजय गर्ग, शशि सिंघल, प्रदीप गर्ग, संजय मित्तल, गणेश, डॉ मुकुल शर्मा, नवीन सिंघल, डॉ शैलेंद्र कौशिक, नवीन गुप्ता, रविंद्र रस्तोगी, सदस्य तृप्ति मित्तल, आरती, सीमा, निमिषा का सहयोग करने के लिए आभार जताया। उन्होंने बताया कि शिविर में कृत्रिम पैर आदि चिकित्सा परामर्श के अनुसार नाप लेकर बनवाकर लगाए जाएंग। चिकित्सा परामर्श के आधार पर उपलब्धता रहने तक व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, बैसाखी इत्यादि दी जाएगी।

### यात्री भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें

चमोली : चमोली पुलिस ने बदरीनाथ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से अपील है की है कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों या अफवाहों पर ध्यान बिलकुल न दें, यात्रा सुरक्षित और सुचारू है। प्रशासन व पुलिस लगातार समन्वय में काम कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यात्रा निर्बाध रूप से चलती रहे। कहा कि वर्तमान तनाव को लेकर कई तरह की खबरें सामने आ रही हैं। इस माहौल में उत्तराखंड की प्रतिष्ठित चारधाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के मन में कुछ चिंताएं स्वाभाविक हो सकती हैं। चारधाम यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। यात्रा मार्गों पर सुरक्षा व व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा या खतरे का सामना न करना पड़े।

## ग्रामीणों की हर छोटी समस्या का करें निस्तारण: डीएम दीक्षित



नई टिहरी। यूसीसी के तहत सब-रजिस्ट्रारों का एक दिवसीय क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का बतौर मुख्य अतिथि डीएम मयूर दीक्षित ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सब-रजिस्ट्रार गांव की छोटी से छोटी समस्याओं का समाधान करने में भूमिका निभाई, मात्र विभागीय कामों तक सीमित न रहे। समाधान के लिए उच्चाधिकारियों की भी मदद लें। कैरियर काउंसलिंग सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में समान नागरिक संहिता उत्तराखण्ड 2024 के तहत पंचायत पोर्टल एवं अन्य विभागीय पोर्टल के साथ योजनाओं की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि सब-रजिस्ट्रारों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए पोर्टल में हुए बदलावों से भलीभांति अवगत होना है। यूसीसी के क्रियान्वयन में जो भी दिक्कतें सामने आ रही हैं, उनका निस्तारण प्रशिक्षण के दौरान करने को कहा। डीएम ने कार्यालयों में होने वाले स्थानांतरण को लेकर अपनी पसंद के तीन स्थान देने और अपना पूर्ण योगदान देने को कहा। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन को लेकर सभी तैयार करें और आपदा की दृष्टि से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरा करें। क्षेत्रीय लोगों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं को नोट करें तथा विश्वास में लेते हुए तत्काल समस्याओं का समाधान करें। फील्ड कर्मचारी गांव में ट्रैवल प्लान शेयर करें, ताकि जनता को इधर-उधर न भटकना पड़े। गरीब लोगों की समस्याओं पर विशेष ध्यान देते हुए जल्द समाधान करें।

# डिग्री कॉलेज के गेट के सामने लगा है कूड़े का ढेर



चमोली : प्रशासन की लापरवाही के कारण कर्णप्रयाग पीजी कॉलेज के गेट के सामने कई महीनों से कूड़े का ढेर लगा है। इससे बीमारी फैलने का डर बना है। साथ ही कॉलेज के छात्र-छात्राओं और वहां से गुजरने वाले स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों को कहना है सीएम पोर्टल पर शिकायत के बावजूद जिला पंचायत के कर्मचारी कूड़ा उठाने नहीं आते हैं। अगर जल्द ही कॉलेज के गेट के सामने से कूड़े का निस्तारण नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। पीजी कॉलेज के छात्र नेता अंशुल रावत, भुवन सिर्सवाल, आयुष कंडारी, आशु बुटोला, यश खंडूड़ी, सौरभ रावत आदि ने कहा कि पहले देवतोली नगर पालिका क्षेत्र में था, लेकिन पिछले साल देवतोली को नगर पालिका क्षेत्र से अलग किया गया। उसके बाद वहां सफाई की निरंतर व्यवस्था नहीं हो रही है। जगह-जगह नालियां चोक होने से बरसात का पानी सड़क पर बहने से गंदगी बिखरी है। हालत यह है कि डिग्री कॉलेज के गेट के सामने कूड़ाघर बना दिया गया है। यहां पर पूरे देवतोली का कूड़ा व पॉलीथिन फेंका गया है, जिससे गेट के सामने भयंकर दुर्गंध फैल रही है। कूड़े की बदबू से बीमारी फैलने का डर बना है और वहां पर मच्छर रेंग रहे हैं। छात्र-छात्राओं, महिलाओं व बुजुर्गों को दिक्कत हो रही है। कूड़े के ढेर के पास से जल संस्थान की लाइन भी गुजर रही है। यही पानी लोगों के घरों व डिग्री कॉलेज में जा रहा है। यदि कूड़े का ठीक ढंग से निस्तारण नहीं किया गया तो बरसात के दिनों में बीमारी फैल सकती है। उन्होंने जल्द कूड़ा हटाने की मांग की है। वहीं, डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वीएन खाली ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार कूड़े की समस्या बताई गई और वहां पर से कूड़ा हटवाने को कहा गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। (एजेंसी)

### कैंची धाम में मॉक ड्रिल, दो ढेर किए, तीन दबोचे

नैनीताल। नैनीताल पुलिस की ओर से शनिवार को कैंची धाम क्षेत्र में मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान सुरक्षा और कानून व्यवस्था के मद्देनजर एसडीआरएफ, अग्निशमन, पुलिस की मुस्तैदी जांची गई। ड्रिल में त्वरित कार्रवाई के तौर पर दो आतंकवादियों को मार गिराया गया, जबकि तीन को पकड़ लिया गया।

अचानक पांच आतंकियों के मिलने की सूचना से पुलिस टीमें एक्शन मोड में आ गईं। लगातार नजर बनाकर कार्रवाई की गई। पाकिस्तान भारत के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए मॉक ड्रिल की गई।

एसपी क्राइम डॉ. जगदीश चंद्र, सीओ प्रमोद साह के नेतृत्व में मॉक ड्रिल की गई। एटीएस, क्यूआर टीम, फायर, एसडीआरएफ ने इसमें हिस्सा लिया। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से पूर्व अभ्यास किया गया।

## जल संरक्षण के लिए कदम उठाना जरूरी: शाह

नई टिहरी(आरएनएस)। भिलंगना ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोठार में जल संरक्षण अभियान के तहत जल उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों से जल संरक्षण के लिए गांव के नाले, धारे और गदेरों के संरक्षण के लिए शासन-प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने का आह्वान किया गया। कोठार गांव में विधायक शक्ति लाल शाह और सीडीओ डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने जल उत्सव का शुभारंभ किया। जिले के विभिन्न ब्लॉक में चयनित ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्य किए जाने हैं। सबसे पहले कोठार गांव में ग्रामीणों के पैतृक जल स्रोत की पूजा अर्चना कर गांव के समीप वृक्षारोपण किया। विधायक शाह ने कहा कि बिना पानी के जीवन असंभव है। जिस तरह से वैज्ञानिकों ने हमारी जीवनदायिनी नदियों गंगा, यमुना, शारदा आदि नदियों के लगातार गिरते जल स्तर पर चिंता जताई है, वह खतरनाक भविष्य के संकेत हैं। प्रमुख ग्लेशियर लगातार खिसक रहे हैं, ऐसे में सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है। कहा कि जल उत्सव भिलंगना के 35 गांवों में आयोजित किया जाएगा। सीडीओ डॉ. त्रिपाठी ने जल उत्सव की रूपरेखा बताई। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। कहा कि सड़क समस्या का जल्द हल किया जाएगा। इसके बाद ब्लॉक मुख्यालय में जल संरक्षण कार्यक्रम का वृहद आयोजन किया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। उन्होंने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जलस्रोत को बचाने का आह्वान किया। जल स्रोतों के रखरखाव की शपथ भी ली गई। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद बिष्ट, बीडीओ विपिन सिंह, डीपीओ अनुज बहुगुणा, ग्राम प्रशासक दीपक पैन्यूली, केदार बर्थवाल, रामकृष्ण सेमवाल, दौलतराम तिवाड़ी, गुणानंद उपाध्याय, केदार सिंह रावत, दिनेश भजनियाल, धीरज नौटियाल मौजूद रहे।

### बैठक में योजनाओं की समीक्षा

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक जिला सभागार में आहूत की गई। जिसमें बैंकों व रेखीय विभागों की संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ने बताया कि 2024-25 में लक्ष्य से आगे 35 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 1011 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। जो अब बैंक ऋण की मदद और स्वयं के माध्यम से स्वरोजगार प्रारंभ कर चुके है। डीएम ने डिजिटल साक्षरता कैंप को नई-नई जगह लगाने और अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के लिए निर्देशित किया। सभी अधिकारियों से कहा कि लोगों को प्रेरित कर समूह की गतिविधियों को और विकसित करें।

## तीन दिवसीय कार्यशाला का परमार्थ निकेतन में भव्य आयोजन



ऋषिकेश। पर्यावरण संरक्षण को लेकर समर्पित प्रयासों की श्रृंखला में आज परमार्थ निकेतन में शिक्षण संस्थान कार्यविभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की अखिल भारतीय तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, आध्यात्मिक प्रमुख स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी, पर्यावरणविद् एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अखिल भारतीय संयोजक श्री गोपाल आर्य जी एवं देशभर से आए शिक्षाविदों, पर्यावरण प्रेमियों व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम की शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से हुआ, स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी, श्री गोपाल आर्य जी सहित सभी विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक ऐसी प्रेरणादायक संस्था है, जो भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों की रक्षा के लिये समर्पित है। भारत के पुनर्निर्माण में भी अद्भुत योगदान दे रही है। यह संगठन विगत 100 वर्षों से निःस्वार्थ भाव से समाज के हर वर्ग तक सेवा, संस्कार और स्वाभिमान का संदेश पहुँचा रहा है।

संघ के स्वयंसेवक जहां एक ओर सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति को जाग्रत कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

स्वामी जी ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल एक दायित्व नहीं, यह हमारा धर्म है। जब तक हम अपने जीवन में धरती, जल, वायु, अग्नि और आकाश को पंचभूत के रूप में नहीं अपनाते, तब तक सच्चा संतुलन नहीं आ सकता।

### ब्रुकलिन में दीक्षांत समारोह में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

देहरादून। ब्रुकलिन स्कूल डालनवाला में शनिवार को किंडरगार्टन और प्राथमिक स्तर के छात्रों का दीक्षांत समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जूनियर स्कूल कोयर द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत प्राउड अवर स्कूल और वी आर ग्लेड यू हेयर से हुई।

छात्रों ने बेटर व्हेन आई एम डांसिंग, फील द मैजिक इन द एयर जैसे गीतों पर पश्चिमी नृत्य किया। समारोह का मुख्य आकर्षण स्नातक छात्रों का पारंपरिक टोपी और गाउन में प्रवेश रहा। कक्षा पांच के छात्रों ने वाच मी एज आई ग्रेजुएट पर समूहगान प्रस्तुत किया। किंडरगार्टन के नन्हें बच्चों ने टू लिटिल वड्र्स पर मोहक नृत्य किया।

## बेहतर खिलाड़ियों के भविष्य को संवारना सरकार की गारंटी: रेखा

देहरादून। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि अगर युवा खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते हैं, तो सरकार उनके करियर को संवारने की गारंटी लेती है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकार आउट ऑफ टर्म नौकरी दे रहे हैं। खेल मंत्री ने शनिवार को प्रेमनगर में द टोंस ब्रिज स्कूल में प्रथम हंसराज मेमोरियल टेबल टेनिस इंटर स्कूल टूर्नामेंट में यह बात कही। आर्या ने खिलाड़ियों ने परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेलों में हिस्सा लेने से न सिर्फ शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि युवाओं को खेल जीवन के संघर्षों और चुनौतियों से जूझना सिखाता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपने स्किल को संवारने के दौरान यह चीज सीखता है कि कैसे विपरीत परिस्थितियों को अवसर में बदला जाता है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश खेल महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है। यह पहली बार है कि जब कबड्डी जैसे भारत के परंपरागत खेलों का विश्व कप आयोजित होने लगा है। आर्या ने कहा कि अगर युवा पढ़ लिखकर बड़े अफसर बनते हैं, तब भी उनकी पहचान का दायरा सीमित होता है, लेकिन अगर कोई युवा अपने खेल के दम पर पहचान बनाता है तो उसकी ख्याति के लिए दुनिया का कोई बॉर्डर नहीं होता।

# राजभवन में सर्वधर्म गोष्ठी का आयोजन



देहरादून। वर्तमान परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए शनिवार को राजभवन में सर्वधर्म गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं सभी धर्मों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग कर देश की एकता एवं अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन राष्ट्र के प्रति हमारे साझा उत्तरदायित्व की अभिव्यक्ति है।

राज्यपाल ने कहा कि आज हम सब यहां धर्म, जाति और मत की सीमाओं से दूर एक साथ खड़े है और सीमाओं पर खड़ी हमारी सेना व भारत की आत्मा की तरह जीवंत दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक पूर्व सैनिक होने के नाते मैं जानता हूं कि एक सैनिक की सबसे बड़ी ताकत उसका परिवार, उसका देश और उसका मनोबल होता है और आज की यह हमारी गोष्ठी सैनिकों के मनोबल को सशक्त करने का प्रतीक है।

राज्यपाल ने कहा कि सभी धर्मों का मूल संदेश एक ही है। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म सर्वे भवंतु सुखिनः की शिक्षा देता है वहीं सिख धर्म एकम की भावना से सभी को देखता है। बुद्ध कहते हैं कि अपने दीपक खुद बनो, वहीं जैन धर्म का सिद्धांत है कि अहिंसा ही परम धर्म है। उन्होंने कहा इस्लाम हमें सिखाता है कि विभाजन मत करो वहीं ईसाई धर्म में कहा गया है कि शांति फैलाने वाले ईश्वर की संतान होते हैं, इस प्रकार सभी शिक्षाओं में हमें एकता, करुणा और शांति का ही संदेश देता है। राज्यपाल ने कहा कि हमारी सेना ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवाद और आतंकवाद फैलाने वालों पर कड़ा प्रहार कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां कर्नल सोफिया कुरेशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के माध्यम से ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी लगातार हम तक पहुंचा रही हैं और वे दोनों सशक्त भारत की सशक्त मातृशक्ति का प्रदर्शन भी कर रही हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की वीर भूमि ने सदैव राष्ट्रभक्ति, बलिदान और त्याग का उदाहरण प्रस्तुत किया है। हमारे वीर सैनिकों ने प्रत्येक संघर्ष में राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है आज हमें भी उनके साथ मजबूती से खड़ा होना है। हमें किसी भ्रम में नहीं पड़ना है और सोशल मीडिया पर दिखाई जा रही सामग्री पर संयम बरतना है साथ ही, सरकार द्वारा दिए जा रहे दिशा निर्देशों का पूरी जिम्मेदारी के साथ पालन करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी से निवेदन है कि हम सभी विभिन्न धर्मस्थलों में अपने वीर सैनिकों की लंबी आयु और देश की विजय के लिए विशेष प्रार्थनायें करें और एक होकर इस मुश्किल समय का मिलकर सामना करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान अपने देश में व्याप्त अराजकता, भुखमरी और अस्थिरता से ध्यान भटकाने के लिए हम पर युद्ध थोपने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान की सेना और सरकार की मंशा न केवल अपनी आंतरिक विफलताओं से अपनी जनता का ध्यान हटाना है, बल्कि युद्ध की आड़ में अंतरराष्ट्रीय मंच पर सहानुभूति और आर्थिक सहायता प्राप्त करना भी है। पिछले कुछ दिनों में पाकिस्तान की ओर से हमारे क्षेत्र में कई बार हवाई हमले करने के प्रयास किए गए, जिन्हें हमारी बहादुर सेना ने साहस और दक्षता से नाकाम किया है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com